''चक्र व्यूह'' कहानी मै नारी मन को एक औरऊ अछूतौ चित्र उकेरौ ए कहानीकार ''किरन जी'' नै। ईमानदारी ते काम करवे बारे आदमौ कूँ कैसे-कैसे दुख मिलै या समाज म या कहानी मे देखे जा सके। एक ईमानदार डाक्टर सारे जीवन भर बिना फीस के सेवा भावना ते मरीजन की सेवा करै। पर जब बाकी लडकी ब्याह लायक होय तो दहेज को लालची समाज बिना पैसा के लडकीन न ब्याहवै कूँ तैयार ना हौय। तब डाक्टर पैसा लैवे लग जाय खूब पैसा कमाके लडकीन के ब्याह कर दै। पर अन्त म रिस्वत ले तो पकरो जाय। कैसी विडम्बना है कै एक तरफ ईमानदारी कूँ समाज मे कोई सम्मान नाँय और बेईमानी करै तो सजा है जाय केसौ ''चक्र व्यूह'' है जो समाज।

''भारत कौ परदा'' नारी के साहस की कहानी ए। परिवार की आर्थिक हालत देख के ''सुधा'' ब्यूटी पालर मे नौकरी करै पहले ससुर कूँ समझावै फिर अपने बाप कुँ समझा के उनकी आँखिन पै पडे ''भरम के ''परदा'' कुँ हटावे। नारी यदि साहस करै तो क्या ना कर सके।

''कमेरो पूत'' दहैज की बुराई दूर करवे को एक अनौखौ प्रयास कहौ जा सके पढो-लिखौ डाक्टर बिना दहेज के सादी करनौ चाहै पर अपने लालची पिता के छल करके दहेज लेवे तै इतेक नाराज है जाय के बू अपनी ससुराल मे कमेरे पूत की तरिया रहने नौ निश्चय कर ले तब जाके बाकै पिता की आँख खुलै। दहेज की बुराई कौ निराकरन या ही प्रकार सौ है सके है। ''किरन'' ने एक अच्छौ प्रयास कीन्हो ए।

कहानीकार विनोद कुमारी ''किरन'' की ऊपर बताई गई सबई कहानी नारी मन की विविध कथा कहबै वारी एँ। ''किरन'' जी ने कथोपकथन के माध्यम ते पात्रन कौ भली भाँति चरित्र उजागर कीन्हौ ए। आपकी भासा बडी चुटीली, पात्रा-नुकुल बन पडी है। ''किरन'' जी की अधिकाँश कहानी आधुनिक महानगरीय जीवन

की झाकी प्रस्तुत करे। उनके पात्र ऊपढे-लिखे ओर उच्च वग के हे। या कारण उनकी भासा मे अग्रेजी शबदन को प्रयौग मिल जाय।

कहानीन के 'शीषक'' बडे सोच समझ के रखै एँ। कहानी कौ सबरो अथ शीषक ते पतौ चल जाय। दा विषय मे किरन जी एक सफल कहानीकार मानी जा सके।

या प्रकार सौ ''किरन' नारी मन की पीरा कहवे वारी समाज मे व्याप्त ढोग, दिखावौ, विसमता, अन्याय, शोषण व्यक्त करने वारी एक सफल कहानीकार हैं। ये आगे और ऊ उन्नति करेगी ऐसौ आभास इनकी कहानीन नै पढके सहजई हो जाय।

☐ **रामबाबू शुक्ल**
मौ॰ रेवरापति होलिकेश्वर महादेव
भरतपुर (राजस्थान)

एकॉकी रूपक (रेडियो)

सोने की कौधनी

काकी—अरे बेटा ! छगू ! औ छगू ! अरे छगू सुनै कै नाय ?

छगू—सुबेरैई सूबेर काय कू कॉय कॉय कर रई ए अरी मैया ?

काकी—तोय तो सब कॉय काय लगे। तेरे ब्याह को तो महीना भरऊ नॉय रह्यौ। याके काजै गहने गाठे कौ कछू जुगाड करनोएँ कै नॉय ?

छगू—मा तो सब करै पर घर मे नाए दाने अरू अम्मी चली चने भूनाने।

काकी—बेटा या बात ए रहन दै। तेरे बाप को बडो नाम औ। या चौखट पे अच्छे अच्छे ने माथे रिगडे एँ।

छगू—अरी मैया बिन बातन नै रहन दै। जाको अवए बाकौ सब एँ।

काकी—बेटा अवई या घर को चोखो बानक बन रह्यो ए। दुनिया यौ समझे जानै हम का दाबै परे ऐ।

छगू—समझन दै। खरी बात तौ ई ए मैया कै अब तौ हींग का कोथरा मे बासई बास रह गई ए।

काकी—ई बास बनी रहै याई कै काजै तौ मै मर गई ऊँ। कज करके ऊँ गहनॉ गढानै है।

छगू—मैया मेरी समझ मे तो जो कछू अपने पास ए बाई ए लै कै चले जाईगे।

काकी–बेटा ! सोने के कड़ूला, हँसुलिया, पौंची और टड्डे तो हतै पर कमर कूँ सौने की कौंधनी जरूर चाहिएँ ।

छगू–सोने की कौधनी नही होय तो—?

काकी–नही होय तो नाम धराई होगी और दहेज ऊ कम मिलेगो । बेटी बारेऊ ओछे पर जाइँगे ।

छगू–अरी मैया, याकौ कछू असर नॉय होय का चढायौ का नॉथ चढायौ । कोऊ अपनी नाक पै मक्खी नाय बैठन दे । देबे बारे एँ जो उछू दैनौ होय वाए दैई दे ।

काकी–ई बात नॉय । बाजे तेई घोडी नाचे और दूसरी बात ई ए कै–जैसी तेरी कोमरी वैसेई मेरे गीत । जितेक गुड डारौगे बितेकई मीठो होयगो ।

छगू–चोखौ तू जानै तेरो काम जाने । जैसे नचावेगी वैसेई नाचूगौ ।

काकी–देख तोय नाचनौ फाँचनौ नॉय, रुपैया तौ पडोस को तेरो हीरा चाचा दे देगो । तू तो बाके सग बदना सुनार की दुकान प बैठ कै कौधनी ऐ गढवाए लईयौ ।

छगू–तू कैगी तौ सब करूँगो ।

काकी–अच्छो तौ मै हीरा ते सलाह सूत कर आऊँ और रुपैयान कौ बन्दोबस्त कर आऊँ तू वाके सग चलौ जाइयो ।

□

काकी–अरे ल्होरे देवरिया है कै नॉय ?

हीरा–भाभी ए का ?

काकी–हम्बै

हीरा–सौ भीतर चलो आ ।

काकी–कहा हैं रह्यौ ए देवरिया ?

हीरा–है कहा रह्योए पलोथन पीट रह्योऊँ अपनौ म्हौ भुरसाय रह्यो ऊँ ।

काकी–चौ दयौरानी कहाँ गई ?

हीरा–पीहर कूँ गई ए। छाटे सारे कै ढौरौ भयौ ए। कुआ पुज रह्योए बाई मे गई ए।

काकी–चोखो तुमने भली करी। मोते पहलै कह देते तो का बिगर जातौ। मैऊ एकाध जोडी कुरता टोपी कछू रयाल खिलौना धर देती। हाँ तो कइए।

हीरा–अब जान दै तू बता कैसे आई ए ?

काकी–देख लाला अब तेरौई सहारोए तेरे ई सहारे गाडी चल रईए।

हीरा–भाभी लल्लो चप्पी की बातन नै तौ दै छौड। मतलब की बातएँ बता।

काकी–देख लाला छगू के ब्याह कौ महीना भर ऊँ नाँय रह्यौ और गहन गाठे की कुछ तजवीज नाँय बैठी।

हीरा–अरी भाभी तेरौ पुराना घर ए तोपे का नाय ? तू तौ माल ए दावे परी ए।

काकी–देख लाला बातन नै हँसी मे तो टारे मतीना। साची-साची बात ई कै पुरानी चलन की थोथी पोली एकाध चीज ऐ सौने की एक नइ कौधनी बनवानो ए।

हीरा–भाभी चौ चक्कर म परै। हल्की ते हल्की कौधनी केऊँ काजे बीस हजार रुपैया चइएँ।

काकी–अरे लाला ठाकुर जी पार लगामिगे। चार, चार हजार चार ठिकन मे आय गये सोई बेडा पार ए। कमी बेमी के काजै तुम हतई हतौ।

हीरा–भाभी मोय तो ई बात जचै नाय। बडे बूढेन कौ बात माननी चईये कै तेते पाव पसारिये जेती लाबी सोर।

काकी–सो तौ जानूँ पर लाला नैक वखत की शोभा है जाइगी। तुम्हारे भइया कौ म्हौडा ऊजरौ है जायगौ। तुमारी बात रह जाइगी।

हीरा–तेरी राजी भाभी। मैं तौ तौते काऊँ तरिया दूर नाऊँ।

काकी–तौ देखो लाला छगू और तुम दोनौ बदना सुनार की दुकान पै बैठ कै जैसी समझो बैसी आठ तौला की कौधनी बनवाय लो। जैसे-जैसे रुपया आमते

जाइँगे वैसे वैसे सुनार कु देते जाइँगै । और सुन देवर ब्याह तो तुमैइऐ करनो ए । मैं कछु नॉय जानूँ ।

हीरा–चोखो भाभी ।

ब्याह के बाजे बजना

ब्याह के पाछै –

काकी–अरे निपूते समधी तेरौ सत्यानास जइयौ तैने मोय चौडे लूट लई । थरा मे दो हजार रुपइया दे कै चुप्प लगा गयौ । अब या साने की कौधनी के कज ए कौन चुकावैगो ?

गू–मैया अब तू झिकझिक चौ कर रहिए जब तो तेरे पुरखान को नाम डूब रह्यौ ।

काकी–मोय का खबरई कै समधी कोरो फाकानन्द है । जब आयौ तब तौ बडे दिल्ली के घैमेरा मारे । अब बता कौन कूँ रोऊँ ।

छगू–मैया अब रोवे फिफाबे तै का होय । चालनी मे दूध काडै करमन नै टटोरे । मोय तो पहलैई चौरै मे दीख रई ।

काकी–अरे मोय चौड मे दीखती तो मैं सौने की कौधनी ए काय कूँ गढवातौ विते कूँ हीरा रुपइयान कै काजे रोज चक्कर काट रह्यौए वाने तौ देहरी की धूर लै लईए, दिन देखे ना रात । आए दिन आधमकै ।

छगू–जाके चइएँ बू तो मागैगौई । । नई देगी तो एक की मौ सुनावैगो । सब बखिया उधेर कै धर देगौ ।

काकी–नो अब कैसै पिंड छूटे । मै तो बडी भँवर जाल मै परि गई । भूख प्यास नीद सब उड गई ।

छगू–मैया अब तो एकई उपाय ए । या सोने की कौधनी ए हीरा चाचा के माथे मार दै । मेरे प्रानन नै तौ चाटे मनीना । मै तौ जाऊँ अपने काम पै ।

काकी–हाय रे कैसे करम फटे बेटा ते पालौ परयौए । पूरी बात सुने बिनाई चल दियौ । अरी बहू तोते कहा कहू तू तौ वैसेई महौडौ फुलाऐ बैठी है और स्याँपिन सी फुँफकारै रही है । अब बता मै कितकूँ जाऊँ ?

इत गिरूँ तौ कुआँ उत गिरूँ तौ खाई ।

बहू–देखो भाभी जी स्यॉपिन ब्यापिन तो केऔ मतीना, ब्याह कै आई ऊँ कोऊ घरेजौ नॉय कीयौ। सौने की कौधनी चढाये विना का नाक फटी परेई।

काकी–अरी बहू तू तो कल्ल ब्याह कैंई आई ए। चौ भन्नावै। नैक तो लिहाज कर। सुनते-सुनते कान बहरे है गए है।

बहू–लिहाज गई चूल्हे भार मे साची बात तो कही ही जाइगी।

काकी–हाय रे गजब है गयौ। बडी आई साची बात कहवे वारी या कज ए का तैरौ बाप चुकावैगौ।

बहू–देखो मइया-बापन तक मत पहुचौ नही तौ मोते बुरौ कोऊँ नॉयै।

काकी–तौ का तू हमे मारैगी ?

बहू–मारबे की बात छौडो एक की हजार सुनाऊँगी कान खौल क सुन लेऔ।

काकी–हम्बै चौ न सुनावैगी। याई कै काजै ती ब्याह कै लाए एँ। याई कूँ तो सोने की कौधनी चढाई ए।

बहू–फिर बाप तक पौची मै तो तिहारौ लिहाज कर रई ऊँ। अपनौ मॉजनौ चाहौ तौ म्यान मे रहेऔ।

काकी–अरे तू तो हमे बोलनऊँ नाय देगी का ? आग लगै तेरे म्होडे मे मेरी कौधनी ए द दै और जो तेरे मन मे आवै बक।

बहू–अजी कौधनी तो मेरी और मेरे बाप की। कौधनीए तो आज दऊँ न काल।

काकी–अच्छौ बडी आई कौधनी वारी अपने माजने ते रह। ऐसी अन्धेर गिरदी मेरे यहा नॉय चलेगी।

बहू–तुम कछू कैऔ। कौधनी मे तुमारे नाना को झगरो नॉय। तुमने अपने हातन ते चढाई ए ज्यादा करौगी तो अपनौ चूल्हा चौका अलग कर लऊँगी। ब्याह के आई हू।

काकी–ब्याह कै तो आई पर पनमेसुरी पर मेरे मूँड पै तौ बीस हजार को कर्जा ए ई कैसे चुकैगो ?

बहू—तुम जानो तुमारो काम जानै मै तो कौधनी ए दऊँ नाऊॅ चाहै तुम सो मूँड की है जाओ।

काकी—तोय दैनी परैगी, दैनी परैपी। दैनी परैगी।

बहू—नॉय दऊँ, नॉय दऊ, नाय दऊॅ। देखूॅ कैसे ले लेओ कौधनी। मै तो चली अपने पीहर तुम पै रोकी जाऊँ तौ रोक ले ओ।

काकी—अरी ब्याहवली, ओ बहू, अरी ब्याहवली नैक सुन तो सही।

—विनोद कुमारी "किरन"

बुरे फँसे

पात्र परिचय —

झङ्गमल—सरपच

गगू—सरपच कौ छोटो भइया

पाँची—सरपच की पत्नी

अन्य पात्र—डाक्टर, चौधरी, इसपेक्टर, गाम के आदमी, ग्राम सेवक

झङ्गमल–डागधर जी ! अजी डागधर जी !!

डाक्टर–का ए भइया ?

झङ्ग–'अजी नैक दरबज्जौ तौ खोलौ ।'

डाक्टर–'आह रहेएँ भइया आमतेई आमते तौ आमिगे। अब का ऊपर ते कूद परै ।'
(दरवज्जो खुलिबो की आवाज डाक्टर को प्रवेस)

'का बताए चौ हल्ला मचा रक्खौएरे ।'

झङ्ग–'डाकधर जी हमारे काका की हालत ठीक नाय ।' याए दिखाइबे कूँ लाएँ अपने आलेए लगाय कै नैकु देखो तौ सही का बात एँ ?

डाक्टर–(मरीज देखि कै)—भइया तुमने तौ भौंत देर कर दई। या काकाए पैले चौ नाँय लाये ।

झन्डू–'महाजन खेतीवारी कौ बखत औ गैहू पक गए ऐसे काम के बखत याग लैके को आमतौ।

डाक्टर–(चैक के)—'तो अबऊ काय कूँ लाएऔ ?' अब यामे कुछ नॉय बचौ घडी दो घडी कौ महमान एँ।'

झन्डू–'हमे तौ एक बेर तुमारे पास लानौ सौ ले आये। लोकलाज ऊँ तो रखनी परै। गाम मे पीपरी बारी चामर कौ भोग चढा दियौ ए। अब पनौ कूँ देवताउएँ कुदवाय दिगे।'

डाक्टर–पर भइया देवता कुदवायवे ते का होयगो ? इलाजऊँ तो करबानौ चइये।

झन्डू–'तो याई मारे तो तुमारे पास ले के आये ऐ। इलाज मे कितेक खरचा है जायगो।

डाक्टर–खरचा का येई कोई दो सौ तीन सौ।

झन्डू–'साहब फायदा तो परि जायगौ।'

डाक्टर–फायदा की बात यो जे ए कै तुमने मरीज की हालत भौत खराब कर दई ए। जरूरी नॉय कै फायदा है ई जॉय पर जौ लौ सास तो लौ आस।

झन्डू–पर पानी मे तौ पइसा फकौ नाय जॉवे। गारन्टी देऔ तौ बॉत बन।

डाक्टर–तुम या आदमी ए पहलै लै ऑते तौ मैं गारन्टी ऊँ लै लैतौ पर अब मैं गारन्टी नाय लै सकू। तुम चाहौ इलाज करवाऔ नाय चाहौ तो मत करबाऔ।'

झन्डू–'साहब हम गरीब आदमी ए कछू दवाई मूरी अस्तपाल तेई दिवाय देऔ।

डाक्टर–अच्छो एक काम करौ याये अस्पताल म भरती करबाय देऔ। एक आदमी या के पास रुक जाऔ। कुछ दवाई अस्पताल से दिवा दिगे कछू तुम लै आइयौ।

झन्डू–'फिर काका ठीक तो है जायगौ।'

डाक्टर–परेसान है कै–'देख भइया मैने सूधी सट्ट कह दईए गारन्टी कछू नॉय राजी होय तो इलाज करवाओ नॉय तो रहन देऔ समझै कै नाय ?'

झन्डू–समझ गयौ साहब सब समझ गयो अपनी खेती बारी कौ नुकसान करूँ दो सौ तीन सौ रुपइया खरच करूँ तोऊँ गारन्टी नाय ऐसे पार नॉय परेगी साहब।

डाक्टर–'तो ठीक ए फिर यहा ते लम्बे परो। मेरे प्रानन को छोड देऔ। पैलै तौ मरीज ए अवमरो कर लै फिर कहे कै गारन्टी लेऔ कूड मगज जाने कहाँ-कहा ते आय जाय। सकारेई दिमाकए चाट गयौ गमार कही कौ।'

(2)

पाची–दिखाय लाये काकाजी ए कहा कही चारबाग वारे डाकधर नै ?

झन्डू–अरी कहनौ काऔ ? बाय तौ अपने नोट सीधे करने। पैलै चौ नॉय लाये। अब भरती करवाय देऔ। दो सौ तीन सौ रुपइया खर्च है जाइँगे। गारन्टी कछु बात की नॉय ऐसे ही कहतौ रह्यो मै ऊँ ऐसौ भोरो नाऔ जो वाकी बातन मे आ जातौ।'

पॉची–'फिर तुमनै का कही ?'

झन्डू–'मैने तौ सूधी-सूधी कह दई गारन्टी लेऔ तो इलाज करवाऊँ नॉय तो जै रामजी की। अच्छौ ला छाछ महेरी दै दै मै खत जाऊँगो।'

पाची–'अभाल लाई तुम हाथ म्हौ धोय लेओ।'

बूढा–(कराहतो भयो) –बहू एक गिलास पानी गाह दै।'

पाची–(बडबडाती भई) –याने अच्छे प्राण पीये या डोकरा मरे ना मोय छाडे। दिन रात की किट किट ते मेरी तौ फदा मे जान परि गई ए।'

बूढा–'पानी पानी गरौ सूख रह्यौए कोऊ पानी देऔ।'

पॉची–'ला तौ रही ऊँ काय कूँ हल्ला मचा रह्यो है।'

(3)

चौधरी–भैया झन्डू काका मर गयौ बडो बुरो भयौ। हमे तो कल सजा कूँ पता परयो।'

झन्डू–हा चौधरी काका का मरो हम पैतौ पहार टूट परयौ। काका कौ हमे भौत सहारोओ।'

पाँची–का बात ए म्हौडे पे उदासी कैसे छाय रई ए को आयौ का बात भई ?

झन्डू–चौधरी आयौ यो कह रह्यौ सात गाम जिमाऔ तो इज्जत बचैगी ।

पाची–बात तौ साची ए । अभाल बाबरी खेडा की सरपचनी आई । पैलै तौ बडे-बडे टसुआ बहाये । बडे वैन करि-करि के रोई पीछे मोते बोली —

'भैना कितेक चून करैगी ? मैने कही'—हम तो एक गाम जिमावे की सोच रहे ऐ ।'

इतेक सुनिबोऔ कै अपनी ऊँट की सी घूघनी ए उपर कूँ कर कै कहबे लगी–

भैना बुरौ मत मानियो ये नाक कटबे बारी बात ए । मेरी साम मरी जब हमने सात गाम जिमाये । खीर और मालपुआ करे आज तानूँ वैसौ नुकता आसपास तो नॉय वैसे ऊँ हे काम जबर छाती बारे कौ ए । हरएक आदमी याए नॉय कर सके ।

झन्डू–'अच्छो ये बातए वाने ऐसी बात कही । वाकौ घम ड तौ तोरनौई परैगौ । गगू कहाँ है ?'

पाँची–'लेऔ नाम लैतेई आय गये ।' इनतेऊ सलाहसूत कर लेऔ ।

गगू–राम-राम भाभी राम-राम भइया का सलाह सूत करनी ए ?

झन्डू–'का बताऊँ भइया यो कह रह्यौए नुकता मे सात गाम जिमाओ ।'

गँगू–'अरे भइया तुम कौन की बातन मे आव रहेऔ दुनिया को तो बू-वारो हिसाबए भुस मे आग लगाय धमाला दूर परी । सात गाम जिमावे कूँ रोकड का गाम वारे दिवा दिगे ?'

झन्डू–'येई तो मै सोच रह्यौ ऊँ । बडौ भारी खरचा है जायगौ गाठ मे वेलाऊँ नॉय ।'

पाची–कछू है जॉय मेरो सबरो जेवर बिक जॉय चाहे करजा लेनौ परे पर गाम तो लाला पूरे सातई जिमाने परिगे । बाबरीखेडा की सरपचनी ते हमऊ कछू कम नाय ।'

गगू–पर भाभी पाम वितेक ई पसारने चइये जितेक लम्बी सौर होय । घर मे नाएँ दाने और अम्मा चली भुनाबे । करजा लै कै नुकता करबे की बात मेरी समझ मे नॉय आवै ।

चौधरी–'बात तो सही कही ए भइया पर बूढो आदमी तो पकौ पान होय। जाने कब झर जाय। काका कौ इलाज तौ करबायोई होयगौ ?

झन्डू–'हाँ चौधरी साब इलाज करबाये देबी देवता ढुकाये चारुबाग वारे डागधर की ऊ पेस नाँय खाई का करे।'

चौधरी–'भइया जब सास पूरी है जाँय तो कोऊ की पेस नाँय खावे। चलो अब छोडो जे बताऔ काका को नुकता कब को ए ?'

झन्डू– नुकता मावस को ए।'

चौधरी–'कितेक चून करैंगौ। भइया ?'

झन्डू–'का बताऊँ चौधरी अब कै बडी मार परो। इतकूँ काका मर गये। वितकूँ खेती अच्छी नाँय भई। मैं तो एक बोरी खाड गराबे की सोच रह्यौ ऊँ।'

चौधरी–'अरे सरपच तैंने अच्छी नाक कटाई। जब बाबरी खेरा के सरपच की मइया मरी तब सात गाम जिमाये। ऐसे कुरकुरे मालपुआ करे के स्वाद आज ताँनू म्हौ मै घुर रह्यौ ए तू का वा सरपच तै कछू कमए ?

झन्डू–चौधरी बात तौ तुमारी सही ए पर तुम जानौईऔ मेरे पास ज्यादा जमीन जायदाद नाय। फिर दौनौ भइयान की गिरहस्ती कौ पैटउ मोय पारनौ परै। इतेक भारी नुकता करबौ मेरे बस की बात नाय। कौहनी कबहू म्हौ कूँ आबैई नाँय। इतेक जिम्मेदारी*कै ऊपर बचैई नाय।'

चौधरी–पर झन्डू भइया बाप कौन से रोज-रौज मरै। कैसेऊ करौ करनौ तो परगौ।'
झन्डू–चौधरी साची जान या बखत मेरौ हात भौत तग है रह्यौ ए। बडी तगी तुरसी मे दिन कट रए ऐ और फिर सरकार नै ऊ तो मृत्युभोज पे रोक लगाय राखी है।

चौधरी–'येऊ खूब कही। अरे करबे वारे करई रहै।है। तोई ऐ सरकार पकरैंगी का। वावरी बातन ने करे। रही पइसा की तौ ग्राम कौ महाजन मर थोरे ई गयौ है। बापै ते उधार लै लै।

झन्डू–'समझ मे नाँय आवे कहा करूँ कैसे करूँ ?

चौधरी–जो तेरी राजी होय सोई कर पर एक बात कहे दऊँ सात गाम जिमाये बिना तू कोई ते आँख मिलाय कै बात करिबे लायक नाँय रहैगौ। अच्छौ भैया हम तौ चलें जो कहनी सौ कह दई।

पाची–का बात ए म्हौडे पे उदासी कैसे छाय रई ए को आयौ का बात भई ?

झ डू–चौधरी आयौ यो कह रह्यौ सात गाम जिमाऔ तो इज्जत बचैगी ।

पाची–बात तौ साची ए । अभाल बाबरी खेडा की सरपचनो आई । पैलै तौ बडे-बडे टसुआ बहाये । बडे बैन करि-करि के रोई पीछे मोते बोली —

'भैना कितेक चून करैगी ? मैने कही'—हम तो एक गाम जिमावे की सोच रहे ऐ ।'

इतेक सुनिबोऔ कै अपनी ऊँट की सी घूघनी ए उपर कूँ कर कै कहवे लगी—

भैना बुरौ मत मानियो ये नाक कटबे बारी बात ए । मेरी साम मरी जब हमने सात गाम जिमाये । खीर और मालपुआ करे आज तानूँ वैसौ नुकता आसपास ता नाँय वैसे ऊँ हे काम जबर छाती बारे को ए । हरएक आदमी याए नाँय कर सके ।

झ डू–'अच्छो ये बातए वाने ऐसी बात कही । वाकौ घम ड तौ तोरनौई परैगौ । गगू कहा है ?'

पाची–'लेऔ नाम लैतेई आय गये ।' इनतेऊ सलाहसूत कर लेऔ ।

गगू–राम-राम भाभी राम-राम भइया का सलाह सूत करनी ए ?

झ डू–'का बताऊँ भइया यो कह रह्यौए नुकता मे सात गाम जिमाओ ।'

गँगू–'अरे भइया तुम कौन को बातन मे आव रहेऔ दुनिया को तो बू-वारो हिसाबए भुस मे आग लगाय धमाला दूर परी । सात गाम जिमावे कूँ रोकड का गाम वारे दिवा दिगे ?'

झ डू–'येई तो मै सोच रह्यौ ऊँ । बडौ भारी खरचा है जायगौ गाठ मे वेलाऊँ नाँय ।'

पाँची–कछू है जाँय मेरो सबरो जेवर बिक जाँय चाहे करजा लेनौ परे पर गाम तो लाला पूरे सातई जिमाने परिगे । बाबरीखेडा की सरपचनी ते हमऊ कछू कम नाँय ।'

गगू–पर भाभी पाम वितेक ई पसारने चइये जितेक लम्बी सौर होय । घर मे नाएँ दाने और अम्मा चली भुनावे । करजा लै कै नुकता करबे की बात मेरी समझ मे नाँय आवै ।

(वाई बखत बाहर ते कोऊ ने अवाज दीन्ही)—सरपच जी ओ सरपच जी

झन्डू—को ए ग्रामसेवक जी ए का ?

ग्राम सेवक—हाँ मैई ऊँ का है रह्यौ ए ?

गगू—हौनौ का है भइया काका के नुकता की सलाहसूत है रइए। भाभी कह रईए सात गाम जिमाओ मै कह रह्यौऊँ अपनो जात बिरादरी मे छोटो सो नुकता कर देऔ।

पाँची—पर लाला नाक तौ हम बडैन की कटेगी दुनिया तो हमे नाम धरेगी हमारे जनम मैं थूकेगी। तुमारो का है तुम तो छोटे ओ।

ग्राम सेवक—भाभी तुम लुगाइन मे जाने कब अकल आवेगी ? सात गाम जीमावे की जगह पइसाए कछू धरम के काम मे लगाऔ। दूर क्यो जाऔ अपने गाम के स्कूल मे कमरान पे छत नॉय छन डरवाय देऔ, धरमसाला बनवाय देऔ। ऐसौई पइसा फुदक रहयोए तो इन कामने करौ काका कौ नामऊँ अमर है जायगो।

पाँची—लाला पइसा धैला तौ खैर कछू नॉय करज लैनौ परैगौ पर मेरी समझ मे बाप ए मरेठान मे राख मैं लौटिबे कौ छोडबो अच्छी बात नॉय। आदमी बेटा, याई दिना कूँ पैदा करै।'

ग्राम सेवक—भाभी तोते माथौ मारिबौ बिरथा है। तू नाय समझैगी। एक बात तोय बतादऊँ आजकाल मृत्युभोज करिबौ कानूनी अपराध है। कोऊ नै सिकायत कर दई तौ पुलिस पकर ले जायगी।

पाँची—नौ तुम काय बात कूँ औ ? हमारौ यहा कौन दुश्मन ऐ जो सिकायत करैगौ। तुमे का पतौ बाबरीखेडा की सरपचनी सबरे गाम मे अधर नाचती फिर रईए धरती पै पाम नाय टिक रह्यो ओर जीभ तारुए ते नाय लग रई बाकी नाकए तौ मै काट केई मानूँगी।'

गगू—पर भाभी कोऊ नै साचई मुखबिरी कर दई तौ तेरी नाक के चक्कर मे हम दोन ो भइया बे मौत मरि जाइँगे।

पाँची—अरे मद बनौ मद गाम मे है कोई ऐसो माई कौ लाल जो हमारी मुखबिरी कर दे। मैं बइय्यर है कै हिम्मत नॉय हार रई तुम मद है कै टॉय-टॉय फिस्स है रहेऔ।

ग्राम सेवक—पर भाभी तू बेकार की जिद कर रईए ऐसै पइसा पानी की तरियाँ बहाबे ते का फायदा ?

पाची—रहन देऔ लाला अपनी पढाई अपने ई पास रक्खो बाप मरोए कोऊ कुत्ता नाय उठ गयौ। गाम में थू-थू थू-थू है जाइगी। पीढीन तॉनू कोऊ बोलन ऊँ नॉय देगो।

ग्राम सेवक—अच्छौ भाभी जैसी तेरी राजी। जब काका जिन्दाऔ तैने एक घूट पानीऊँ खुसी-2 नॉय पिबाऔ और अब सात गाम जिमावेगी बिचारे गगू और झन्डू दोनोने जीमतई मार देगी। तेरे तू बूँ हालऐ जीमत कता पूछी ना बात मरै बुलाई नायन हात।'

पाँची—लाला चुप्प है जाऔ अब जो आगे कछू कही तौ एक की हजार सुनाऊँगी मैंऊ तुमारी लुगाई के लच्छन खूब जानूँ। कैसी भोरी भारी ए विचारी ?

झन्डू—अरी भागवत रहन दे मूडन ने मत फोरे तू जैसौ कहैगी वैमेई करिगे।

(5)

मृत्युभौज चल रह्यौए। लोग लुगाई बतरामन कर रए ऐ।

एक—लडुआ तो चोखे बनेएँ परि नुकती बडी राख दईए छोटी नुकती छाट देते तो मलूक लगते।

दूसरे—रायते मे तो मिर्चै ई मिच झोक दईऐ। सन्नाटो सौ छाय रह्यौए दिमाक मे।

तीसरा—एक बात ए सरपच है दिलदार आखिर सात गाम न्यौतई दिये।

चौथो—अजी सब दिखायबे की बात ए। हाथी के दात खायबे कै और दिखायबे के और बाप तो मरि गयौ पानी कूँ तरस तरस कै अब मरे पीछे सात गामन कौ जैमा-जूठन है रई है।

पाचवा—भइया जब काका ए अस्पताल ले गये मैऊ सग मे गयौ। बिचारे डागधर ने भौत कही याए भरती करवाँय देओ पर सरपच के कान पे जुआऊँ नॉय रेगी। वू ता खेतीबारी कौई गीत गामतो रह्यौ।

छठौ—अरे चुप रहो लडुआ खाओ मस्ती मारौ। कोऊ नै सुन लई तो अभाल लठ चल जाइगे।

तीसरो–यामे लट्ठ की कहा बताए ? साँची बात एकौन नाँय जानें। जब डोकरा पानी मागतो सरपचनी दस गारी सुनाती, तब पानी पिवाती। रही बात इलाज की डागधर की एकऊँ बात नाँय मानी। जीमतो रह्यो तब ताँनू तौ सडतौ रह्यौ अब मरे पीछे लड्‌आ कचौरी है रहे है।

चोथो–अरे चुप्प रह्यौ देखो तो सही ई इसपेक्टर कैसे आयौ ए ? कछू सुनन तौ दैऔ सरपच ते का कहा सुनी कर रह्योए ?

पाँचमो–भइया मोय लगै काऊने सिकायत कर दई ऐ। बू देखो गगू बरछी लै कै आयौए यहा ही झगडा हौ तौ दीखै चलौ देखे का है रह्यौ ए ?

झन्डू–इसपेक्टर साहब बैठौ तौ सही मेरी बात तौ सुनौ।

इसपेक्टर–मै बैठिबे नाँय आयौ तुम्हे पकरिबे आयौ हू। तुमने कानून के खिलाफ काम करौए।

झन्डू–साहब कायकूँ बात बढाय रहेऔ चार लड्‌आ तुमऊँ खाऔ पीछे मै खुद आपकै पान मिठाई कूँ रुपइय्या नजर कर दऊँगो।

इसपेक्टर–रिस्वत की बात कर रहेऔ ठहरो मै तुम्हे अभाल बताऊँ।

गगू–अरे इसपेक्टर ज्यादा जोस मे मत आवे अपनी खाल मे रह जो हम अपनीन पे उतर आये तो तेरी वरदीए फारिकै बन्दूकए छिनाए लिंगे।

इसपेक्टर–धमकी दे रहैऔ ठहरौ अभाल पतौ लगै कौन का करेगौ ?

(सीटी बजिवे की आवाज) हवाई फायर, भगदड, मिली जुली आवाज।

इसपेक्टर–कोठार ए सील कर दौ और दोनो भइयाननै गिरफ्तार कर लो।

झन्डू–साहब हमे माफ कर देओ।

गगु–साहब जैसे भी बने हमारी इज्जत रख लेलो हमते गलती है गई सरकार।

पाँची रोती भई–महाराज हम गरीबन कै माऊँ देखो हमारे बाल बच्चान पै दया करौ।

इसपेक्टर—तुम बड़य्यरबानिओ घर मे बैठौ हमारे हात कानून ते बँधे ऐ हम कछू नाँय करि सके ।

गगू—अब काँय कूँ रौबे भाभी तोय तो बाबरीखेढा की सरपचनी की नाक काटनी अब हम तौ फँस गये ना ।

पाँची रोती भई—अब कैसे होयगी ? नुकता अधूरो रह गयौ । अरे मेरे काका जी अब तुमारी मुक्ती कैसै होयगी ? हाय मेरे काका जी ।

—विनोद कुमारी "किरन"
C/o डॉ॰ एस एल शर्मा
जी- 127, उदयपथ श्याम नगर
एक्सटेन्शन, जयपुर

रेखाचित्र

गुलकन्दी काकी

गुलक दी काकी साठ सत्तर बरस की होयगी, रग गोरौ कद ठिगनो, बार आवे कारे आधे भूरे। ऐसै समझौ जैसे हिन्दुस्तान मे हि दु अरू मुसलमान सग सग रह रहे हौय। मोटी मोटी ऑखिन मे घौटन तक कौ काजर लगाए कै काकी एक दम दिप उठै। मौह पै झुरी परी भई है बिन मे काकी कौ साठ सत्तर कौ अनुभव बोलतौ। वाकी सूधे पल्ले की सूती धोती जाकौ मेल पोलका ते बैठे चाये ना बैठे परि बडे जतन ते पहरे है। अपनी जवानी के दिनन मे चलती होयगी तो धरती कॉपती होयगी परि वाकी बुढापे कै मारे चाल ऐसी है गई है कै जच्चा की नाई अचक पचक डग धरै। काकी नानेदारौ निभावे मे पूरी चाक चौब द रहे। कहू ते नैक पाती आयबे की देर ए जाइबे की देर नॉय। काई कू भात छोछक दैवो हौय तो महीनान पहले बना बुनी लग जाय। कहू ते कथा भागवत का नौतो आ जॉय तो काकी अपने मन मे पूरो जुगाड बैठा ले, काऊ मरे गिरे की खबर आ जॉय तो बारहमे दिना क ताई कोरी पाग पहलेई ढू ढ के धर लेय। कहबे को मतलब ई ले कै काकी नातेदारी निभावे मे ब्यौहार कुसल खूब है।

वैसे काकी को सुभाव सूधौ साचोए 'न ऊधौ कौ लेबौ ना माधौ कौ देबो' तोऊ घर मे बिचारी ऐसै रह रई ए जैसे दातन के बीच मे जीभ। भीजी बिल्ली बन कै रहे तोऊ बाए भन के उराहने तुराहने सुनने परै। काकी ने जबाब देवो ती सीखौई नॉय, एक पौत मैने काकी ते कही कै—

'तू मैन कू खरी-खरी चौना सुनाय दै। तो बू बोली—

'जब मेरो दोसई नॉय तब तो इनके जे हालए जो मै कछू कहबे सुनबे लग जाऊँगी। जब तौ घर मे रहबौ दूभर है जायगौ। काकी कौ कहबौ सौ टच सही लगौ एक चुप सौन मे हरावै।

काकी ए गीत गारीन को खूब सोक हू पास पडौस म कहू कोऊ करनी हौये तो काकी ढौलक लै के तैयार रहे। खबर लगतेई जच जचू कै करनी वारे के यहाँ पौच जाँय। ऐसी ऐसी गारी सुनावै जो खरी-खरी होय पर सुनवे वारेन के मन मे रस डमगायबे बारी हौय। अरू गोपाल प्रसाद व्यास की वा पक्तिए साथक करै—

"झूँठे लगे जैहू वेद पुरान अनूठे लगे रसिया रस गारी।"

मौहल्ला पडौस वारीऊ गुलकन्दी काकी ते ऐसी हिल गई है कि वाके बिना कोऊ करनी ई नॉय है पावै।

हा कागी ए सबते ज्यादा सौक जबर जाटे कौ ए। जेवर जाटे के काजे तौ बूँ जीती मरै। जब बू अपने पीहर मे रहती अरू भइया कूँ सौने चादी के जेवरन मे लिपटी भई देखती तो बाकौ रोम-रोम खिल उठैओ और बू बीज मन मे ऐसौ जम गयौ कै दिन दूनौ राते चोगनौ फूलतो फलतौ गयौ। सुसरार मे जबते आई तबई ते अपने घरवारे ते दुबकाय कै कौरचो कर कै इतैक पइसा कर लैती कै दौ चार बरस पीछे कोऊ ना कोऊ जेवर गढाय लैती। काकी ए खूब समझाते पर वाके कान पू जुआँऊँ नाय रैंगती। हॉ इतैक जरूर है के गहने बूँ अपने ताई नॉय बनवाती ब्याह वरौद मे चढावे कै ताई घर के नाम की बढौतरी के ताई ललकती रहती। बिना गहने के बूँ अपनी बदनामी समझती।

थोरे दिना पहले बाकौ छोरा आन्यौर ब्याहौ। सगाई लगन अरू ज्यौनार मे खूब मन कर के रुपइया बहायौ। पर गहनेन के ताई वाके मँन मे तलामली मच गई। कुछ अपने पास ते अरू कछू उधार लै कै सौने की हमेल गढवाय लई। खूब धूम-धाम ते ब्याह भयौ। गाजें बाजे के सग बहू की अगवानी भई। ब्याहूली कूँ खूब लाड लडायौ गयौ। ब्याहुली नैउ काम करिबौ तो दूर तिनकाउ नॉय तोरौ। बैठी-बैठी पलका पे खूब पुजी काकी नैऊँ अपने घर के नाम के ताँई जो गहनो चढायौ वाय सबै पहराय कै बहू पीहर भेजी। आन्यौर मे हल्ला मच गयौ कै फलाने की छोरी गहने गाठेन ते खूब सज-धज कै आई ए। जो चढायौ बूँ सबकौ सब पहर कै आईए। आज कल अपने नाम के ताँई अरू बेटी वारे पै ते नकद नारायण ऐंठबे के ताँई काऊ ते लै दै कै गहने गाठे की प्रदशनी करै परि पीछे ब्याहुली ए नगी बूँची कर कै भेजे। काकी ए ई बात पसन्द नॉयी। काकी तो बाई नाम के ताँई सिगरी उमर मरती खपती पचती रही।

पहलै छौरा के ब्याह के पीछे जब बहू कौ आइबौ जाइबौ भयौ बहू कौ बोलबौ चालबौ सिरू भयौ तौ बासनन कौ खटकबौ सिरू है गयौ। पहलै तौ घूँघट मे

ते सास-बहू काना-फूसी सी सिरू भई फिर धीरे धीरे तरवार म्यान मे ते निकर आई। नैक-नैक सी बात पे कहा सुनी ह्वैबे लगी। थोरे दिना पीछे तो नँगे नाच ह्वैवे लगे। ई बात घर तक ई नॉय रही। याकौ चबैया पास परोस मे ह्वैबे लगौ। छौरा पैले तौ ऐसौ रहतौ जैसे स्याप सूँघ गयो होय परि धीरे-धीरे बाऊ कै पर निकस आये। अब रोज हुज्जो तुज्जो होय, रोज खग बजै, रोज फजीते होय। काकी की नीद हराम है गई है। भूख उड गई है। काकी अपने जोर जनावे अरू सोने की हमेल ए बेर-बेर मागे परि सोने की हमेल के नाम काकी की बहू घुरकी दिखाबै अरू काकी जेवर जौटौ बनवाय कै मनईमन पछताबै परि अब पछताये होय का जब चिरिया चुग गई खेत।

कछु दिना पैलै छोरा की नौकरी दूसरी ठौर है गई ही। बू अपनी बहुए लिवाय कै लै गयौ। सग मे सोने की हमेल ऊँ लै गयौ। काकी रोमती फिफामती रह गई अब काकी हारी बीमारी मे ऊँ आपई चूल्हा फूँकै। आपई पानी पत्ता कौ काम करे। काकी की आखिन मे मोतिया बिन्द उतर आयौ ए। ना दीखे ना भारे। अपने बीते दिनान कूँ याद करे अरू या बात कूँ बेर बेर दोहरावे —

"मोह सकल व्याधिन कर मूला।"

मोह छोरा छोरीन ते होय चाहे कोठे तिबारेन ते होय चाहे गहने गूँठेन ते होय जो मोह मे फँस कै अपनी ऊच नीच ए नाय देखे वाये आखिर मे पछतानोई परै।

-विनोद कुमारी "किरन"

आप मेरी अम्मा नॉय है सकौ

रात कै दस बजे को बखत है रोनक अपने कमरा मे घुसौ। आव देखो ना ताव लपक कै सोर मे दुबक गयौ। बाप रे! कैसौ जाडौ पर रह्यौ है। जाडे के मारे प्रान ई नॉय निकर रहे और तो सब सब गति है रही ए। वो तौ भलौ करै भगवान माजी को जिनने एक बेर कहबे तेई नई सौर भरवाय कै दे दई नई तो अबकै जाडेन से राम नाम सत हे वे मे कछू देर नाही, वैसे मॉजी है बडे नरम मन की। काम तौ ग्वेच कै लै पूरौ तेल निकार ल सरीर को, पर राखैऊँ बडे प्यार तएँ। माखन कौ सौ नरम मन है विनकौ नेकु मे पिघल जॉय। कल सकारेई तो मेरे म्होडे मे त निकर गई —

"मा जी अबकै जाडो बडो जानलेवा पर रहयौ ए।"

'सौर मे जाडो लगे का ?' 'हॉ माजी सौर की रूई तीनं चार ठौर ते टूट गई ए ओर चद्दर बिछावे ते काम नॉय चले नीचे तेउ जाडे की लहर सी उठै।

'अरे बावरे तौ कही चौ नाही और मैऊँ कैसी भुलक्कड ऊँ सौर भरमे को दई वाए मँगवाबौ भूल गई। जा सबरौ काम छोड कै पैलै सौर ले के आ।'

रात के सोवे ते पहले एक गद्दाउ दै दियौ। अव सुसरौ जाडौ कहॉ ते आवेगौ आज नीद आवेगी। तीन चार दिनॉ ते तो पेट मे घोटुनने घुसाय कै सोतो तौउ सिक-सिकातौ रहतौ जाडौ जाडौ जडनपुरी जाडौ मॉगे खीर पूरी जाडे की मइया भौत बुरी।

रात भर याही को जाप करतौ रहतौ नीद तौ आमती नाही। आजकाल कामउ तौ भौत है। सकारेई सात बजे वाके सिरहाने लगी घ टी बज जॉय। दस मिन्ट मे भीतर नॉय पहुचे तो मॉ जी की कडाकेदार आवाज सुनाई परै—

• 'अरे उठे कै नाँय अब का ढोल नगाडे बजामिगे तौ उठैंगौ ।'

फिर वाके बाद सिरू होय बाके पाम को चक्कर । ऐसौ लगै जैसे पामन मे पहिना लग गये होय । सबते पहये मा औ बाबू जी की फीकी चाय । अबई विनकी चाय छानई रह्यौ होय कै बडे भैया की आवाज सुनाई परै—

'रौनक नीबू पानी लइयौं ।'

चाय की ट्रे बाबू जी के सिराहने धर कै बडे भैया कूँ नीबू पानी पकडावे की देर नाँय होय के छोटे भैया रसोईमे आख मलते भये ठाडे है कै भुन-भुनावे लग जाँय—

रौनक जै का दादागिरी ए अबई तानूँ चाय नाँय बनी और नैकु अदरक चीनो ढग ते डारियौ मोपै नाय पीई जाँय फीकी चाय ।

अभाल चाय ला रह्यौऊँ भैया तुम कमरा मे पहुचौ पीछे-पीछे मैंऊँ आय रह्यौऊँ ।

भैया की चाय उबल रही होती कै दीदी की आवाज आती—

रौनक भैया नेक सोनू को दूध दे जा जग गयो तो भौत रोवैगौ ।

इतकूँ बाबूजी के नास्ता को बखत होतौ वितकूँ मा जी की दूसरी चाय को । जब तानूँ दो कप चाय भरै के नीचे नाँय उतर जाती पलग के नीचे पाम नाँय धरती । करे कहा सरीर मैं हजारोन बीमारी जो लग रही ऐ । वो कहा कहे अलर्जी प्लपी टेसन, अन्जाइना और जाने कहा कहा । एक अकेलो रौनक और हजार काम । रौनक जे कर रौनक वौ कर, रौनक इतकूँ आ रौनक वितकूँ जा । एक अनार सौ बीमार । कहा करै रौनक कौन से कुआ मे जाय परै । जल्दी-जल्दी बाबूजी को दूध दरिया और टिफन मे परामठे और अचार राख कै पकरा दे तब तानूँ माँजी उठ कै आ जाय । बाबू जी तो ऑफिस चलै जाय और फिर सबकी बैठक जमे । आजकल बडे भैया लाम पे ते पन्द्रह दिना की छुट्टिन मे आये है । छोटे भैया मैडीकल कॉलज ते आये है और दीदी सुसरार ते आई ऐ सब जने इकठौरी बैठ जाँय फिर चलें गप्प सडाके ओर चाय काफी नास्ता पानी । बडे भैया चाय काफी के शौकौन ए । बिनकूँ हर आधे घन्टा मे काफी चाय चाइये सग मे माजी कूँ जबरदस्ती पियाबै छौटे भैया खाबे के सौकीन ए विनकूँ चइये समोसा, कचौरी, हलुआ, पूडी, इमरती, जलेवी बडे मजे है चक्क की छन रही ए । खूब पेट पूजा है रई ए । सब जने चले जाईगे जब फिर वोई रूखो सूखो खानौ परेगौ । बाबू जी कै बलडप्रेसर जो है ।

घन्टा दो घन्टा पीछे छोटे भैया और दीदी खूब फूलस्पीड पे टेप चलाय कै गान सुने और छोटे भैया बीच-2 मे नाचबे लग जॉय। छोटे भैया ऐन मेन हीरो की तरिया नाचे। ऐसो मन करै कै देखतौई रहू पर मैं देखबे लग जाऊँ तौ जा घनपटए कौन पीटे ? मेरे भाग मे तो काम करबोई लिखौ है। बडे भैया मा जी ए खीच कै अपने कमरा मे लै जॉय और फिर बिनकी गोदी मे घटान सोते रहे। माँ जी बार-बार कहे—

'अरे लाला मोय जान दे भौत काम परोए तोऊ बडे भैया विनको पल्लो पकर कै बठ जॉय नीचे नाँय आन दे।

ऐसे बाखत मौय अपनी अम्माँ की भौत याद आवै। मैऊ तो अपनी अम्माँ के गरे ते ऐसैई लिपटौ करै औ। मेरी अम्माउ तो ऐसैई अपनी धोती के पल्ले ते मेरे म्हौ ए पौछ पौछ के प्यार करौ करै ई। बच्चापन कितेक जल्दी बीत गयौ। गाम अकाल परो। अम्मा मर गई और बापू मोय लै कै सहर आ गयौ। दो तीन महीना कितेक बूरे बीते। वो तो भगवान भलो करे बिहारी काका कौ जाने बापू कूँ फेक्ट्री मे काम दिवा दियौ और मोय यही रखबा दीनो यहाँ खावें पीवे और कपडान की कोई कमी नाही। बडे भैया और छोटे भैया खूब कपडा दे दें। बस बडे भैया के पाम दवावे की देर ए और छोटे भैया कै हलुवा बनाय कै खवाँबे की देर ए। एकई दुख है सवेरे दिन काम परे बैल की तरियाँ। वैसै अपनी बात जे ए कै मैं काम चोरऊँ। काम तो बिन दिनन मे होय जव सब जने छुट्टीन मे आयें बाकी दिना तो आराम ई, आराम ए। आज अम्माँ भौत याद आ रई ए। जाने कब रौनक की आँख लग गई पतौ नाय परयौ।

रौनक कै सिरहाने लगी घन्टी बजी ट्रिन ट्रिन-ट्रिन। ऐं सात बज गये। बडी जल्दी रात बीत गई। रौनक ने करवट बदल लई।

अरे मा जी उठ गई। जल्दी-जल्दी रौनक उठौ और रसौई मे घुस कै चाय बनावे लग गयौ। बाबू जी ऑफिस चले। सब जने बैठक मे बैठे। बडे भैया बोले—

रोनक सुन ये ले बीस रुपइया औंर नुक्कड की दुकान ते दस पन्द्रह समोसा ले आ फिर आय कै गरमागरम चाय बनइयौ।

'जी बडे भैया' रौनक नैक खडौ देख रह्यौ।

'जी बडे भैया का ? ये रोमनी भिर बन कै चौ ढाडौ ए नैकू हँस मुस्करा तेरो तो नामई रौनक ए। बडे भैया ने अपनौ फौजी हाथ रौनक की पीठ पै जमा दियौ।

एक तो मन भरौ भयौ और दूसरौ हाथ भारी भरकम औ। छोटे भैया माँ जी की गोदी मे लौटे भये और दीदीउ मा जी ते छोटी सी बच्चा की तरिया लिपट कै बैठी। रौनक की आखिन मे ते आसू बहवे लग गये।

'अरे का भयौ रोवे चौ लग गयौ ? जे का छोरीन जैसो सरीर बनाय रखौए नेक जान रखो कर सरीर मे। दण्ड बैठक लगायौ कर।

बडे भैया पीठ सहराबे लगे। सब जने वाए घेर कै ठाडे है गये—

'का बात ए रौनक का जोर ते लग गई ?' मा जी ने प्यार ते पूछी।

'नॉय मा जी'

'अरे तो फिर का भयौ ?' बोल तो सही ?

मा जी मौय मेरी अम्मा की याद आय रई ए।

'अरे बावरे खोदी पहाड निकसी चुहिया। अच्छौ एक बात बता 'मे' तेरी अम्मा नाऊँ। इन सबके सग-सग म तेरीउ अम्मा हू।

आप मेरी अम्मा कैसे हे सको। अम्मा तो प्यार ते माथौ चूमे अपने हाथ ते रोटी खवावै छाती ते लगाय कै प्यार करै। आप भौत अच्छी ए आप मेरी अम्माँ जैसी ए पर आप मेरी अम्मी नॉय है सकै।

सिसक-सिसक कै रौनक रोतो भयौ बोलो और सब जने वाए देखते रह गये।

मेरौ मन कहबे लगौ रौनक को अहम् ठेस खाय गयौ है। बडे नै सहज भाव सो पीठ पै हाथ जमाय दियौ। खातौ पीतौ सरीर है नयौ खून कसमसामतौ रहै जाकू पजे लडाबे कौ सौकए वाकू जब कोऊ पजे लडायबे कू नॉय मिलै तौ जगला के तानन पै जोर अजमायौ करै सोई बात बाकी रोनक के सग है गई। बडे ए अपने शरीर कौ गरूर ऊ है वाए अबई अनुभव नाएँ दुनियाँ मे एकते एक ताकतवर एँ। मल्लन कू मल्ल घनेरे, घरनाएँ बाहर भुकतेरे। मान लई बाके पास ताकत ए पर रौनक पै जोर अजमायवे कू ए का ? गरीब कू सतायवे कू ए का ? असहाय के मन दरपन कू चकनाचूर करबे के ताई ए का ? सेवा करै अरू मार खावै कहाँ की भलमन साहत है। सेवा करबे करौ फटकारने कु ए का ? हर समै घुडकी खामवे कू ए का ? मौय लगे कै यही दौर रह्यौ तौ सेवा करबे वारे ढूँढे ते नही मिलिंगे।

—विनोद कुमारी (किरन)

ई कैसौ पछु ?

'का है रह्यौ है भैना कोऊ घर मे हते कै नॉय ?'

अरी आ जा राम प्यारी भीतर आ जा।'

'ए भैना द्रोपदी तू तौ गजब करै इतैक दिन चढ आयो तौऊ अब चानू खाट तौर रई ए। का बात ए रात भर लालाजी ते का बतरायन करी। जो अब तानू आँखिन मे नीद कौ नसा चढ रह्यौए ?'

'अरे नॉय रामप्यारी तेरे लालाजी के पास इतैक बखत कहा है जो मेरे ढिंग बैठ कै मौते बतरामे। वे तो एक पल मे यहॉ तो एक पल मे म्हॉ हॉ, बात ये है कि कै आज घर सूनो-सूनो है गयौ है। तीनो बच्चा अपने-अपन्ने ठिकाने चले गये।

'अरे, ज्योति बिटिया सुसरार चली गई। मेह्मान कब आये लिवाबे। मोय तो पतोई नॉय चल्यो।'

दीपक कल रात कै अपनी मारुती लै कै आयौ। सकारे ई चले गये। भौत कही 'लाला एक दिना तौ रूकौ हमारौउ तौ मन करै तुम पे लाड प्यार करिबे कौ पर कहबे लगौ।'

'छुट्टी नॉय अस्पताल मे आपरेसन करने है, रुक नॉय सकूँ।'

'हॉ जे बात तो है डागधरन कूँ इतेक बखत कहाँ ?'

'तू बता रामप्यारी सकारेई-2 कैसे आई ?'

'अरी का बताऊँ बू ँ मेरी अलीगढ बारी दयौरानी है ना वा के चाचा कौ छोरा जो वकील है गयौ ए वो आयौ है वाके सग मे दो जने और है बिन मे तो एक जनौ छाच पीवैगौ। येरे घर मे दई हते नाय तेरे पास होय तो दे दै।

'हा-हा दहीउहते छाछउँ हो जो चइये ले जा।'

रामप्यारी चली गई और द्रोपती फिर अपनी खाट मे परि गई। वाकी आखन के सामई पैले कै सात आठ दिन सिनेमा के रील की नाई घूमबे लगै। सात आठ दिन ते घर मे बडी चहल-पहल है रही तीनौ बच्चा आये भए। बडौ बेटा मनोज इजीनियरिंग के आखिरी बरस मे पढ रह्यौ, छोटो प्रभाकर मेडीकल के दूसरी बरस मे पढ रह्यो। दोनो दिवारी की छुट्टीन मे आये भए। ज्यौति कै दूसरो जापो भयौ। बाके पहला ठी की छोरी ही अबके छोरा भयौ। वो डेढ महीना के छोराए लै के आई। सबरौ घर हँसी ठट्ठानते भर गयौ। तीनो भइया भैन बतरामन मे लगे रहते। अपने ढिग द्रोपदीए उ वैठा लेते। बतरामन मे पतौई नाय चलतो कै दिन कब निकर जातौ। पूरौ दिन चाय नास्ता मे निकर जातौ। कलेऊ बारह बजे हो तौ धौपर की रोटी साँझ कूँ चार बजे खाते और ब्यालू तो राम भरोसे होती कबहू रात के दस बजे तो कबहू बारह बजे। द्रोपती तो साग भाजी बनाय कै धर दैती पीछे बिनकी मरजी होती जब वे खा लेते द्रोपती और गोपाल तो रात कै साढे नौ बजते ई सो जाते। गोपाल ए भूभरेई सात बजे फैक्ट्री जानो पडतौ और द्रोपती पाँच बजे उठ कै वाके नहाबे धोबे को कपडा लतन को इन्तजाम करती और धौपर को खानो सग धर देती या मारे वे दोनो समय ते सो जाते। जब कबहू पास के कमरा मे तो ठहाके की आवाज ते और कबहू किचिन मे खडकते बतनन ते नीद खुल जाती तो एक गहरे सतोष से भरे कै वौ फिर गहरी नीद मै सो जाती।

एक दिन गोपाल फैक्ट्री ते घर आयौ तो बढो परेसान दीख रह्यौ।

का बात हे बढे परेसान लग रहे हौ ?

'हाँ कछू ऐसीई परेसानी है। दिमाग काम नॉय कर रह्यौ।'

'ऐसी का बात है कछू मोय तो बताओ स्यात कछू मै मदद कर दऊँ।'

'बात जै है कै अजमेर वारे जीजाजी ने एकदम बीस हजार रुपइया मँगाये है। सात दिन के भीतर।'

'सात दिना के भीतर-2 ऐसी का परेसानी आय गई। कोई चिट्ठी आई है।

'नॉय फैक्ट्री मे फोन आयो है कह रह्यै प्लाट खरीदनो है सात दिना में पेमेन्ट करनौ ए।'

जे अच्छो कगाली मे आटो गीलो भयो। इतेक बडी रकम कहा से लाइगे।

'सब ठीक है द्रोपती, पर इन्तजाम तो करनौई परैगो। बखत परे पर बिनने हमारौ सग दियो। अब हमे बिनकी चूकती रकम लौटा देनी चइये। इन्सानियत कौ तकाजौ है।

'प द्रह हजार तो मोय मेरी एल आई सी के मिल रहे है बाकी पाच कौऊ पै उधार ले लऊँगा।

'और ज्योति कू पच देनऔ बाकी का होयगौ ?

होगो का कम दे दिगे। ऐसो कर ज्योति दीपक व दोनौ बच्चान के कपडे बनवा दे। सौने की चैन तू अपनी दे ई रही हे। अरी हॉ भली याद आई बो चैन सुनारके यहा बैठ कै उजरबा तो लई कै नॉय ?

'हा वू तो उजरवा लई पर ज्योति की सास तो 10000 और माग रई है। आखिर समाज मे बाकीउ कछु इज्जत है नाते, रिस्तेदार, ब्यौहार मे दिखारो तो करनौई परैगौ।'

'वो सब तो ठीक हे पर अब ऐसी हालत मे मै का करू। तोय तौ पतोई ए मेरौ बैंक बैलेन्स कछु नाय। या मकानए बनवाय के पूरी तरिया ढोल मे पोल है गई ए। गहने तेरे सब बिकई गये अब बोल मै का करू।

तुम्हारी हालत ए मै का जानू नॉय, पैले नॉ कही कि गरे मे इतेक बडो ढोल मत डारौ पर कौन सुने मेरी। कै तो रौइगे नही और रौइगे तो बाबा ई बाबा। देखो मै कछु नॉय जानू समधियाने कौ मामलौ है ज्योति कू तौ रुपइया देने ई परिगे।

क्यो देने परिगे ? जा तू साफ साफ कह दे हमारे पास रुपइया नॉय। वैसे ऊँ दूसरौ जापो है अबकै रुपइया नई दिये तो कौन सौ पहाढ टूट परैगौ। तुम्हारे झूठे खोखले रीति रिबाज लेन देने के पीछे आदमी टूट के बिखर जॉय बाकी कमर टूट जॉय। जब मेरी अच्छी स्थिति ही तब टिन्नी के पैदा हैवे पै पन्द्रह हजार नकद सोने की बाली, फल, मिठाई, मेवा दिये।

' और ज्योती कौ ब्याह कितक धूम धाम ते कीयौ, बता नॉय कियो का ?

गोपाल ठीकई कह रह्यौ ज्योति के ब्याह की छाप लडका वारेन के दिल पै तौ लगी हती लडकी वारेऊ देखते ते देखते रहे गये। गोपाल ने हर मेहमान के ठहरबे कौ खायबे पीबे कौ बरातीन की तरिया प्रबन्ध करवायौ। काऊ कू कोई असुविधा नॉय होन दई। दस दिना तानी घर मे मेलौ सौ लगयौ रह्यौ आजऊँ जब इकठौरी बैठे तो ज्यौति के ब्याह की बात जरूर करै।

पर अब हालत अचानक ही पतरी है गई। जीवन के पच्चीस तीस बरस बडे आराम ते बीते समाज म उनकी अच्छी प्रतिष्ठा ही। एक अच्छौ सौ बगलाउ खरीद लियो बस याही गलती है गई। जहा अपनी चद्दर देख कै पाम फैलान बहा पाव चद्दर त बाहर निकार दिने। जि दगी भर की कमाई मकान मे लग गई। द्रोपती न समझाया कै इतैक महँगा मकान मत ले औ पर जिद्दी गोपाल भता सुनतौ कौऊ की मकान लै कै ई मानो और हालत ह गई ठन ठन पाल मदन गोपाल।

स्थिति काबू के बाहर है। चार हजार प्रति माह तो मनोज व प्रभाकर ले लेते बाकी पइसान ते जसे तैसे घर कौ खरचा चलै।

पइसा आयै और सात दिना पीछे फिर पहली तारीख की बाट देखबे लग जॉय ऐसी हालत म जीजा जो न चूकती रकम की माग कर लई। इत कू ज्याति पहली बार टिकू ए ले के आई है रिवाज क मुताबिक वाकू पच देनो है नही तो ससुरार मे बाकी हेठी है जाती। बाकी सास की आदत दिखाबे की कछु ज्यादा ई है अपनी बेटीन कौ हैसियत से ज्यादा दे और बदने मे चाहे कै बेटा के ससुरार ते ऊ इतैकई आवै।

गौपाल न तौ साफ मना कर द, कह कै पल्ला झाड लियौ द्रोपती की तौ नीद उड गई ऐसै कैसे कह दे ? छोरी की ससुरार म कैसी छीछालेदार होयगी ? मइया कौ उतरौ चेहरा देख के तीनोन ने कारण पूछौ तौ वाने सबरी बात साफ साफ बता दई। सुनतेई ज्योति बोली—

'हाय अम्मा अब कैसे होयगी ? मेरी सास तौ मेरौ जीबौ दूभर कर देगी' ताने-ताने मार-मार क मौय रुवा लेगी। दयौर-जिठानी म्होडे फेर-फेर कै हसेगी। इनकौ भरोसो ए पर इनतेऊ कैसे कहूगी ? ये तो है सकै कै दस हजार की जगह पाच हजार दे देऔ पर एकदम खाली हाथ कैसे जाऊँगी ?

'का करू ज्योति मोय रात भर नीद नॉय आई।' द्रोपती बोली

'प्रभाकर मै जो कपडे बनवाने की बात कर रहो बिनने मत वनबइयौ।

'पर बेटा कपडा और जूता तौ ज्यादा ते ज्यादा आठ सौ मे आ जाइगे बात आठ सौ की नॉय प द्रह हजार की हे।'

कछू भी ह्रोय अब मैं नई बन-बाऊँगो आठ सौ बचै तौ आठ सौ ही सही।'

'मोय मन ई मन म गारी दे रह्यौ होयगो कै कहाॅ ते मगतन आय गई ? ज्योति ने कही।

अरे नाय जीजी तू ऐते मत सोचे ऐसी कोऊ बात नाय। हमारे दिना अबई अच्छे नाय चल रहे एक बेर डाक्टर बन जान दे फिर देख तमासौ भैया कौ।'

अब भइया भैन बैठ कै येई सौच विचार करते रहते कै कम ते कम खरचा कैसे कियौ जाय। प्रभॉकर और मनोज वापस अपने अपने कालेज चलै गये। दीपक कौ फौनऊ आय गयो कै व ज्योति ए लिवावे आय रह्यौए। द्रोपती अपनी एक भौजाई के पास गई और पन्द्रह हजार रुपइया उधार ले आई। शगुन के कपडा खरीद लिये ख्याख, खिलौना, दार-चामर, मगध के लडुआ, काजू, किसमिस, बदाम सब बाध दियौ, सब तैयारी कर दई। रात कूॅ दोपक आयौ द्रोपती और गोपाल बाकी आवभगत मे लग गये। भूमरेई उठ कै जानौ है। बारह घटा कौ सफर बच्चान कौ सग और जाडे कौ महीना। सकारे विदा के बखत द्रोपती ने दीपक के माथे पे रोली चावल को टीका लगायौ और 101 रुपइया सगुन के ह्राथ मे दिये। एक हात ते रुपइया लै के दूसरे हात ते दीपक ने लिफाफौ थारी मे धर दियौ। द्रोपती के तो प्राण हलक मे आय गये। जे तो वोई गोटा किनारी लगौ भयौ लिफाफो जामे धर के वाने पन्द्रह हजार रुपइया ज्योति कूॅ दिये।

'जी का ए ? द्रोपती ने धडकते दिल ते पूछी।'

'अम्मा मोय ज्योति ने सबरी बात बता दई ए। मै ये रुपइया नई लेऊँगा मोय पतोए ये रुपइया आप उधार लै कै आई हैं। मनोज और प्रभाकर की पढाई के चक्कर मे अपनी अपनी भविष्य निधि के पइसाऊ अग्रिमरूप मे ले लिये है या सबए जान कै मैं ऑख मूॅद के आपकी छाती पे कज को पत्थर तो नॉय रख सकूॅ।'

'पर बेटा गृहस्थी मे तो यह सब होतौई रहे। आज उधार, लियौ है कल चुका दिंगे। और अब तौ दो तीन साल की बात है दोनौ पढ कै आइगे फिर कछू चिन्ता नॉय।

• 'ये ई बात तो मै कह रह्यौ ऊँ दो तीन साल मे सब ठीक हो जायगो। या बीच मे रीत-रिवाज नॉय निभाये तो नॉय सही कौन सी उमर निकर गई ए। मोय तो ताज्जुब ए ज्योति ने सब कछू जानते पूछते रुपइया लै कैसे लिये ?

मे का करती। मैने सोची की अम्मा जी नाराज ना है जाय। कही उनके सामने अम्मा बाबूजो को सिर नॉय झुक जाय।

'अरी बाबरी सिर कज लेवे ते झुको करो है। कज लैबौ कोई बुद्धिमानी की बात नाय।

गोपाल जी अब तानी सबकी बातन ने चुपचाप सुन रह्यौ बोलो —

पर बेटा तुम अपनी मइया ते का कहोगी ?'

'बाबूजी वो मेरी मइया है बि नै मे समझा 'लऊँगौ। मे इन रिवाजन ने नॉय मानूँ इन रिवाजन क पीछे रिस्तेन मे दरार पड जॉय बाबूजी और तो और भाई बहन भी खुले दिल ते नॉय मिल सके। मा बाप अपनी बेटी को अपनी खुसी ते दै या बहन भाई एक दूसरे कूँ उपहार दे वहा तक तो ठोक है पर अपनी हेसियत सौ ज्यादा देवौ नेबौ अपने शरीर मे घुन लगाबौ ए।

'पर बेटा बिना पच लिये जावौ कछू अच्छो नॉय लग रह्यो। ज्योति व गोपाल दोनो एक सग बोले।'

बाबूजी अम्मा माना मैं आपको बेटा नॉऊ दामाद हू परायौ हू,पर इतेक परायौ तौ नाहू के आप मौय या घर सै अलग समझबे लग जॉऔ। अपनी परेसानी अपने दुख मोते छिपा कै रखौ। जो आप मोय पच मे कछू देनोई चाहो ता या घर के बेटान को ना सही बेटा जैसौ अधिकार देऔ जाते या घर के ताई मेरौ जो कतव्य है। बाए मैं पूरौ कर सकूँ।

'चल ज्योति सूरज बासन चढ आयौ है। देर है रई ए।'

'दीपक ने द्रोपती व गुपाल के पाम छूए और कार मे बैठ कै हवा हो गये।'

हतबुद्धि से ऑसुआन भरी आखिन सौ दोनो देखते और सौचते रहे गए। ई कैसौ पच ? का ऐ सौऊ होय का ?

—विनोद कुमारी (किरन)

मैने या तरियाँ नाँय सोचौ

वकील साहब अपनी कोठी के बाग मे बैठे अखबार पढ रहे कै बिनने डाक्टर अनीस को कार आमती दीखी। वकील साहब उठ कै अनीस के स्वागत कूँ ठाडे हैं गये। कार मे ते उतरते ई अनीस जोर ते चिल्लाओ।

'ओर सुना मेरे यार का हाल चाल हे? मोय तो ऐसौ लगै पाचौ अगुरिया घी म और मूँड कढैया म है।

'हा यार और का मजे ई मजे है बस तुम ओर भाभी सकारेई अपने दरवज्जे पे तारा लगाय कै तैयार रहियौ।'

'जरूर जरूर याई मारे तो मैं आयौऊँ कै कितेक बजे चलनौ है?'

सकारे सात बजे निकरबे को विचार है। लम्बो सफर है, देर करबे ते लू लगुबे कौ डर है।'

दोनो बतरामते-बतरामते लान मे आय कै बैठ गये। कमल ने नौकर ते दौ गिलास सरबत लायबे की कही।

अरे हा अनीस तेरी नीद तो खुल जायगी कै मैं सकारे फोन कर के जगा दऊँ।

अरे यार बूऊँ कहा बात करे। डाक्टरन की नीदउ, कोऊँ नीद होय। एक कॉलबेल के सग सबरी नीद गायब है जाय। कल तो वैसेउ हम अपनी बारी बहुए देखबे जॉय रहे है खुसी के मारे वैसेई नीद नॉय आबैगी और फिर हमारी देवीजी जो सँजा ते ई सलवारसूट और साडीन के ढेर मैं बठी है। बिनकी समझ मे नॉय आय रही कै साडी पहरूँ कै सलवार सूट। ढेर मे बैठी ऐसी लग रही है कै पूछे मत —

'साँरी मे ही नारी है कै नारी की ही सारी है ।'

'देख लीजौ वापस जाऊँगी तब तानू याई हालत मे पावेगी फिर मौते कहेगी—

'कछु तुमई बताऔ ना का पहरू ? मेरौ तौ दिमाग काम नाय कर रह्यौ ।'

जब साडी तय है जायगी फिरमैचिग चूडी हार कगन को चक्कर सबरी रात खटर-पटर करती रहैगी तब कही जॉय कै परदा ते बाहर निकरैगी ।

अरे भगवान कूँ धन्यवाद दे जो ऐसी भागवान मिली है। बस जब देखो तब बिनके पहरबे ओढवे के पीछे छीटा कमी करतौ रहे। चालीस के ऊपर है गई पर आजऊँ तीस ते ज्यादा की नाय लगे मेरी भाभी, मिलती कोई सिडबिल्ली तो आठ आठ आँसू रोतौ दीखतौ ।

'हा भाई कमल जे बात तो सही है मेरी जिन्दगी मे सबरो मेरी देवी जी के कारन हैं। अच्छो चलूँ। युगल जोडी सकारेई सात बजे दरवज्जे पे स्थापित है जायगी ।'

'अच्छो ठीक है ।'

कमल और अनीस दोनो बचपन के यार है। दोना के परिवारन मे उ आइबौ जाइबौ हे। हिन्दू और मुसलमान है पर धरम विनकी दौस्ती मे आडे नॉय आतौ। कमल के पिता भौत जल्दी भगवान कूँ प्यारे है गये। वा बखत अपने सब पराये है गये। अनीस क पिता ने विनकूँ भौत धीरज बँधायौ। कमल की मा कूँ मुसीबतन ते लडवौ सिखाया। हर तरिया ते सहायता करी कमल की पढाई लिखाई पूरी करवाई। आज कमल अपने सहर को प्रतिष्ठित वकील है। दोनो के परिवार एक दूसरे के धम कौ आदर करौ करै है। दिवारी के दिन अनीस कौ परिवार कमल के घर आयकै लच्छमी पूजन करतौ और खूब सुरी फटाके चलातौ। ईद पे अनीस के घर महफिल जमती। खूब सैमई खाई जाती। अब तो दोनो के मैइया बाप ना है। कमल के दो बच्चा हे। एक लडका एक लडकी। अनीस के कोई सन्तान नाँहि। अनीस और उनकी वेगम कमल के बच्चाननै अपने बच्चा समझते। अनीस घोडा बन कै इन बच्चान ने अपनी पीठ मे घन्टान तक घुमातौ रहतौ तौ बाकी बेगम जब तानी विनने खीर, पुलाब, बिरयाणी अपने हाथ ते नॉय खबा देती तब तानू चैन नॉय परती। अब बच्चा बडे है गये अनिरुद्ध डाक्टर बन गयौ वाई के ताई एक डाक्टर लडकी देखबे दोनो परिवार जा रहे है या रिस्ते कौ विचार सबते पैले, अनीस के मन मे आयौ। प्रभा नै बिनके अन्डर मेई इन्टनशिप करी। वो भौत अच्छी और मलूक छौरी ही।

कल प्रभा के घर सब जॉय रहे और सौच रहे कै लडकी अनिरूद्ध ए पसन्द •आय गई तो गोद भर दिगे। दो कार ल के जाइबे को विचार हो। एक कार मे अनीस, विनकी बेगम, कमल कमल की पत्नी और दूसरी मे अनिरूद्ध बाकी भैन और अनिरूद्ध के यार दोस्त। वैसे आगरा ते ग्वालियर कोई ज्याद दूर ना हो पर मई के महीना मे तीन चार घन्टा की यात्रा धूप मे करिबौ मुसकिल हो। याही सौ भूमरै जल्दी करिबो ठीक समझौ।

दूसरे दिन सकारेई दोनो परिवार चल दिये। धोलपुर मे सबने कलेऊँ करौ और कार की डिक्की मे कोल्ड ड्रिंक्स भर कै रवाना है गये। लडकी वारे ने भौत भव्य स्वागत कियो। प्रभा सबे पसन्द आय गई। गोद की रस्म कर दई और फिर बेटी वारे ने भोज को इन्तजाम कियौ। विनकी तरफ से पीवे पिवावे को पूरौ इन्तजाम हो। मनीस की तो कमजोरी ही बाकी तो रोज की दिनचर्या ई दो पैग लिये बिना वाए नीद नॉय आती फिर आज तो जाम और पीवे कौ बहाना दोनो मौजूद है। पूरी पार्टी मे कमल अनीस के आगे पीछे डोलतौ रहा। पर वे भला कब मानबे वारो वाने खुद तो पाच छै पैग पी लिये और कमल कूँ ऊ दो पेग पिवा दिये।

रात के बारह बजे पार्टी खतम भई रात्रि विश्राम कौ इन्तजाम रेस्ट हाऊस मे कर राखो। इतकूँ मेहमान खाना खाये बितकूँ थके मादे घरवारे सोबे की तैयारी करबे लगै। अचानक फोन की घन्टी बजी—

'फौरन अस्पताल पहुचे आपके मेहमानन को एक्सीडेण्ट है गयौ है।

प्रभा व घरवारे अस्पताल पहुचे पतौ लगौ डाक्टर अनीस व विनकी बेगम की हालत चिन्ताजनक है कमल और विनकी पत्नी कै मामूली खरौंच आई है। पल भर मे डाक्टरन के ठट्ठ के ठट्ठ जुर गये। पूरे छत्तीस घन्टा बैचैनी मे बीते। सब के प्राण नोहन मे समाये रहे प्रभा दिन रात डाक्टर अनीस के सिरहाने बैठी रहती बाकी तो जैसे भूख प्यास नीद सब उड गई। म्होडो नेक सो निकर आयौ। जब डाक्टर अनीस ने आख खोली और यूनिट हैड ने कही–

'अब मरीज खतरा के बाहर है चिन्ता की कछू बात नॉय। अब तो बस सात आठ दिन के आराम की जरूरत है।'

तब जाय कै सब की जान मे जान आई। आठ दस दिन सब जने नम्बर ते डाक्टर अनीस की देखभाल करते रहे। आज डाक्टर ने कह दई कै 'अब आप आगरा जाय सको पर सलाह दई म्हा जॉय के आठ दस दिन और आराम करियौ काम मे मत लग जइयौ।

कमल डाक्टर अनीस के पास बैठ गयो और बाकी जने सामान पैक करकै चले गये।

का बात है कमल बडे सौच मे डूब रह्यौ ए ? डाक्टर अनीस ने पूछी।

'कछू नॉय बस ऐसे ई।'

'कछू तौ बात है। मैने तौय इतेक गभीर कबहू नाय देखो। बडो खोयो खोयो सौ लग रह्यौ ए। का मेरी बजह ते परेसान है।

'हा अनीस अबकै तो भगवान ने ई तेरी और भाभी की जान बचाईए।'

'वो सब तौ ठीक है पर अब का बात ए ? हम तो अब भले चगे है, अब कॉय कूँ रोमनी सूरत बनाय रखी हे ?'

अनीस मै ये सम्ब ध तौडबौ चाहू। जा लडकी ते सम्ब-ध-जौडबे ते ये मुसीबत आई है वाके घर मे 'पाम रखबै ते का हौयगो या बात ए सौच कै मेरो मन काप उठै। सौच रह्यौ ऊँ।

'प्रभा के बाप त कह दऊँ ये ब्याह नाय होयगो।'

'का बात कर रह्यौ ए ? बाबरौ है गयौ का ? अनीस अचम्भे मे परि कै बोलौ।

'मै साची कह रह्यौऊँ अनीस बे छोरी कुसोनी है। या के घर मे आयबे ते हमारो कबहू भलो नाय होयगो।'

'कमल ऐसी बात अच्छी नाय लगे। सौन सुगन कछू नॉय होय। सम्बन्ध ऐसी बातन पे नाय टूटे और फिर यामे प्रभा कौ का दौस।

'तू याए छोटी-छोटी बात कह रह्यौ ए। अरे तुम दोनो ऐ कछू हे जातो तौ हम कही कै नॉय रहते। अनीस तेरे बिना तो जि-दगी के बारे मे सौचऊँ नॉय सकूँ। तू कह रह्यौ ए प्रभा को का दोस अरे सबरो दौस तो प्रभा कोई है। हमारे ताई सुभ नॉय। सुभ होती तो ये दुघटना कॉइ कूँ होती ? तेरी भाभी को उ येई विचार है।

'कमल मोय तौ ऐसौ लगे कै तू और भाभी दोनो बाबरे है गये हो। भाभी स्त्री हे कै प्रभा कै सग ऐसौ व्यौहार कर रही ए। और तू पढो लिखो गमार चौ बन

रह्यौ ए। भइया ना कोऊ सोनी होय ना कुसौनी। अरे गमार गलती तो मेरी ही। वो रात मैने सराब पी रखी। गलती नगर पालिका वारेन की ही जिनने सडक के किनारे तीने फुट गहरौ गड्ढा खोद के छोड दियौ। गलती बा ट्रक बारे की ही जाने डिपर नॉय दियौ और वाकी हेडलाइट मे मौय वो गड्ढा दीखो नई और बताऊँ सबते ज्यादा और बडी गलती तेरी ही जो तैने सराब के नसा मे मोय गाडी चलान दई। हम सबकी गलतीन की सजा वू बिचारी पभा कूँ देवो चाह रह्यौ ए। कसूरवार हम है कमल, और सजा मिलै हमारे बच्चान कूँ यामे कौन सी तुक है ?

'हाँ कमल भैया ये ठीक कह रहे ए। सौचो तौ सही ये सम्बन्ध टूट गयौ तौ प्रभा और अनिरुद्ध पे का बीतेगी ? का म्हा दिखाइगे वे बिरादरी मे बिनने चौ जीते जी मारबौ चाहो। फिर यो चौ नॉय सौचो कै का पतौ प्रभा के भाग्य तेई हम आज जिन्दा है। इतेक बडे एक्सीडेन्ट के बाद बचबौ मामूली खेल नॉय। वाके भाग नेई हमे बचा लिये हैं भइया। या सम्बन्ध ए तौडो मत ये मेरी प्राथना है।

'भाभी मौय माफ कर देऔ मै साच-माच वावरौ है गयौ। मैने या तरियॉ नॉय सौचो। आज तुम दौनोन ने मौय एक गलत निर्णय लेने ते रौक दियौ।

—विनोद कुमारी "किरन"

कहानी —

आक्रोश

बालकनी म लगो विक मे न जैसेई बाहिर नजर गई वैसे ई नीलम चौक गई

'अरे यह तो कमल जैसौ लग रह्योए पर कमल यहा कैसे आय सके। बो तो एक साल पहले अमेरिका चलो गयौ ए। फिर भइया के मिलते-जुलते चेहरा देखबे कूँ जैसेई नजर सडक पै डारी कै मारे खुसी के उछर परी अरे ये तो कमलईए। जल्दी सौ नीचे की ओर दोरि परी और फिर जब दोनो भैन भइया बात करेबे लगे तो मानो नीलम को तो अन्तई नॉए आय रह्यो महीनान ते एक चिट्ठी नाए डारी काऊ खोज खबर नाए लई। भैन की याद नॉए आई का ?'

अब दीदी पत्र की जगह म खुद साक्षात आ ही गयौ ऊँ अब काए कूँ सिकायत कर रही ए ? 'और सुना कमल म्हा काई छोरी पसन्द कर लई ए का ?'

'अरी दीदी छोरी पसन्द कर लैतौ तौ वाए छोड कै कैसे आ जातौ ? सग लैके नाई आतौ।'

'अच्छौ तू बैठ। य मैगजीन पढ। मैं खानो बनाय कै लाय रईऊँ।'

'नॉए दीदी बैठ खानौ तौ मैने दोस्त के यहा खाय लियो। जीजा जी कब तक आईगे।

वे तो शाम कूँ पॉच बजे तक आवेगे तैने खानो दौस्त कै यहाँ क्यो खायौ ? नीलम ने भइया ते शिकायत भरे सुरन मे पूछी।'

भौत पीछे पड गयौ दीदी पुरानो दोस्तओ।

और फिर नीलम ओर कमल बात करते रहे घर की बात बचपन की शरारतन की बात अमेरिका को बात ओर भौत सारो बेसिर की बात फिर कमल बोलो 'अच्छा दीदी मे नैक दोस्तन ते मिल आऊँ।' अरे अब छोड कल चलौ जाईयौ तीन तो बजइ गयेए। तेरे जीजाजीऊ आते हुगे बैठ कै बात करिगे।'

'नाए दीदी कल तो फिर वापिस लोट आनौए दीदी बस आज कौ ही दिनए। कल तो चेतक एक्सप्रेस मे मेरी रिजर्वेशन ए।

'अरे इतेक जल्दी चौ कॉ डयूटी करनी ए ?'

'हा दीदी आठ दिन बाद डयूटी जोईन करनीए।' 'अच्छो रात कूँ टाइम पै आ जइयौ।' 'हा दीदी मै आठ बजे तक आ जाऊँगौ।

॥ 2 ॥

'नीलू अरी नीलू का हे रह्यौ ए ?' रजन ने स्कूटर रख कै नीलम कूँ आवाअ लगाई। 'अरे नीलू आज बोत जल्दी आय गये।

जल्दी अरे साढे पाच बज रएऐ। और आप कह रइए जल्दी आय गये आज भौत खुस होय रईजो का बातए ? और जब रसोई मे दावत को पूरो इन्तजाम देखो तो चौक परो 'कौन आय रह्योए नीलू आज ये कैसो तैयारी है रईए ?

'कमल आयोए अपने दोस्तन ते मिलबे गयो ए।'

'अच्छो साले साहब आयेए तबई इतेक रौनक है रईए।'

